दिनांक 08.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ जिलाधीश उमेश अग्रवाल एवं आयुक्त के0एल0 चौहान ने डेंगू प्रभावित वार्डों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान अधिकारी जब वार्ड 28 छावनी क्षेत्र पहुंचे तो उन्होने देखा कि शंकर नगर मोहल्लावासी अपने घर के सामने के साफ सुथरी नाली में घर से निकले दैनिक कचरा साग सब्जी की कटिंग उपयोग के बाद फेंके गये प्लास्टिक झिल्ली पन्नी एवं जुठन देखकर साथ में चल रहे वार्ड पार्षद तुलसी पटेल को नाली में अटे पड़े कचरे की ओर इशारा करते हुए नाराजगी व्यक्त किया और कहा कि मैने अपने पूर्व के भ्रमण में वार्ड पार्षदों से चर्चा कर कहा था कि मोहल्ले की निगरानी समिति सफाई को लेकर बनायें ताकि इस तरह की हरकत नागरिकों द्वारा की जाती है तो उसके विरुद्ध अर्थदण्ड की कार्यवाही किया जा सके। किन्तु ज्यादातर वार्डों में नागरिक अपने जिम्मेदारी से मुंह फेरकर केवल निगम और प्रशासन पर तोहमत लगा रहा है अगर क्षेत्र के नागरिक सफाई को लेकर जागरुक और गंभीर हो जाये तो किसी भी संक्रामक बिमारी का प्रभाव नहीं हो सकता।

जिलाधीश एवं आयुक्त सफाई व्यवस्था के जायजा से पूर्व मंगल बाजार छावनी एवं शारदापारा उपस्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर वहां की व्यवस्था का अवलोकन किया एवं ड्यूटी पर तैनात डॉ0 से डेंगू मरीज के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिये कि किसी भी तरह की मरीजों की प्राथमिक उपचार में कोताही बर्दाश्त नहीं की जावेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी